# माईक्रो कन्टेनमेंट क्षेत्रों में भी हैण्ड मशीन से सेनेटाईजेशन किया गया

रतलाम। रतलाम नगर के नागरिकों को कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाने हेतु जिला कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम गोपालचन्द्र डाड के निर्देशानुसार निगम के विभिन्न वाहनों के माध्यम से सोडियम हाईपोक्लोराईड से सेनेटराईज किया जा रहा है साथ ही माईक्रो कन्टेनमेंट क्षेत्रों में भी हैण्ड मशीन से सेनेटाईजेशन किया जा रहा है। नगर निगम द्वारा प्रतिदिन फायर लॉरी व टेक्टर ट्रॉली से नगर के विभिन्न क्षेत्रों की सड़कों, गलियों, भवन आदि को 1 प्रतिशत सोडियम हाईपोक्लोराईड मिलाकर 1 लाख लीटर से सेनेटराईज किया जा रहा है। 08 मई को फायर लॉरी व टेक्टर ट्रॉली से मेडिकल कालेज, भक्तन की बावड़ी, सखवाल नगर, अलकापुरी कम्यूनिटी हॉल, गांधी नगर टीआईटी बिल्डिंग, राम बाग, हरमाला रोड, फुल मण्डी, स्टेशन रोड, दिलबहार चौराहा सहित नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सेनेटाईजेशन किया गया। इसके अलावा 14 व्यक्तियों की टीम द्वारा हैण्ड मशीन के माध्यम से मेडिकल कॉलेज, माईक्रो कन्टेनमेंट क्षेत्र, कलेक्टोरेट, ई-दक्ष कार्यालय, नगर निगम कार्यालय सहित शासकीय कार्यालयो आदि में सेनेटराईजेशन का कार्य किया गया। नगर के सेनेटराईज किये जाने के साथ ही स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सफाई का कार्य किया जा रहा है व सफाई उपरान्त सफाई स्थल व नालियों में कीटनाशक दवा का छिड़काव किया जा रहा है।

# बिना वजह शहर में घूम रहे 61 लोगों के वाहन जब्त किए

## पुलिस कप्तान ने कहा-अब 15 जून बाद मिलेंगे वाहन

भास्कर संवाददाता | रतलाम

10-5-21

लॉकडाउन का उल्लंघन कर रहे लोगों के खिलाफ पुलिस सख्ती कर रही है। बगैर कारण घूम रहे 61 लोगों के पुलिस ने वाहन जब्त किए हैं। इन्हें न्यायालय में पेश किया जाएगा। 15 जून के बाद ही न्यायालय से इनका निराकरण होगा। एसपी गौरव तिवारी ने अपील की है कि आवश्यक दवाओं, ऑक्सीजन एवं इंजेक्शन की कालाबाजारी कर रहे लोगों के बारे में पुलिस को सूचना दें। सूचना देने वाले की जानकारी गुप्त रखी जाएगी।

जानकारी के अनुसार बोहरा बाखल में लॉकडाउन के दौरान जनरल स्टोर पर ग्राहकों की भीड़ मिलने पर अली असगर पिता अली हुसैन (42) निवासी बोहरा बाखल के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। अकारण घूम रहे 35 लोगों के खिलाफ धारा 151 के तहत कार्रवाई कर अस्थायी जेल भेजा है। इसी तरह बगैर मास्क घूम रहे 125 लोगों के चालान बनाकर शमन शुल्क वसूला है तथा 61 वाहनों के खिलाफ मोटरव्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

एसपी गौरव तिवारी ने बताया कि आवश्यक वस्तु, दवाओं, ऑक्सीजन, रेमडेसिविर इंजेक्शन आदि की कालाबाजारी कर रहे लोगों के खिलाफ कार्रवाई के लिए एएसपी सुनील पाटीदार के साथ टीम गठित की है। टीम में इंस्पेक्टर ओपी सिंह, साइबर सेल प्रभारी सब इंस्पेक्टर अनुराग यादव, एएसआई सुशील त्यागी, आरक्षक बजरंग माली, विपुल भावसार को शामिल किया है।

**कालाबाजारी कर रहे लोगों के खिलाफ सूचना हेल्पलाइन नंबर**

7049162265,
07412-270474,
07412-222223,
9893414092,
7587621698

**पर कॉल या वाट्सएप के माध्यम से दी जा सकती है।**

दै. भास्कर 10-5-21

**35 को खुली जेल की सजा**

# बेवजह निकलने वाले 61 के वाहन

# अगर हमारे प्रयास से किसी व्यक्ति की जान बच जाती है तो हमारा जीवन सार्थक होगा

## कलेक्टर कुमार पुरुषोतम ने पदभार संभालते ही कोरोना संक्रमण की स्थिति से निपटने की तैयारियों के निर्देश दिए

रतलाम ● स्वदेश समाचार 10-5-21

गुना से स्थानांतरित होकर आए कलेक्टर कुमार पुरुषोतम ने पद्‌भार ग्रहण करते ही अधिकारियों की बैठक ली। कोरोना संक्रमण की जानकारी प्राप्त की तथा अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वर्तमान कोरोना काल हम सबके लिए एक चुनौती की तरह है। हमें इस चुनौती को स्वीकार करते हुए शत-प्रतिशत रूप से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाह करना है तथा जिले को संक्रमण की स्थिति से बाहर लाते हुए जन-जीवन को पटरी पर लाना है। हमारे प्रयास से किसी व्यक्ति की जान बच जाती है तो हमारा जीवन सार्थक होगा।




कलेक्टोरेट में आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि सब मिलकर कोरोना के विरुद्ध मिशन मोड में कार्य करेंगे। सबके सहयोग से दिन-रात कार्य करके जिले को कोरोना से मुक्त किया जाएगा। बैठक में उन्होंने टीकाकरण कार्य की जानकारी प्राप्त की। पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जिले में कोरोना संक्रमण तथा उससे जुड़ी जानकारियां लेते हुए समीक्षा की, जिले में कोरोना मरीजों संख्या, कंटेनमेंट स्थिति सर्वेक्षण, ऑक्सीजन की स्थिति, विभिन्न दवाइयों की उपलब्धता, स्टाफ की उपलब्धता, अस्पतालों में बेड उपलब्धता आदि बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

**सर्वेक्षण के लिए 150 दलों के गठन के निर्देश**-उन्होंने शहर में सघन सर्वेक्षण के लिए 150 दलों के गठन के निर्देश दिए जिसमें महिला बाल विकास, नगर निगम राजस्व तथा अन्य विभागों के कर्मचारी सम्मिलित रहेंगे। सर्वेक्षण दल मोहल्ले, कॉलोनियों में पहुंचकर सर्दी ,खांसी व जुकाम के मरीजों की जानकारी हासिल करेंगे, साथ ही उनको हाथों-हाथ मेडिकल किट प्रदान करेंगे ,जिसमें आवश्यक दवाइयां रहेंगी ताकि मरीज गंभीर स्थिति में नहीं पहुंचे । प्रथम चरण का सर्वे रतलाम शहर में 12 दिन में पूरा कर लिया जाएगा । प्रत्येक दल 1 दिन में 20 से 30 घरों को कवर करेगा । सर्दी खांसी तथा कोरोना के मरीजों को उनके घर पर ही दवाई का किट देगा। उपयोग करने की हिदायत भी देगा, साथ ही कोरोना प्रोटोकॉल भी बताएंगे। रतलाम शहर में 150 दल प्रतिदिन करीब 5000 घरों में पहुंचेंगे। मेडिकल किट के अलावा अन्य सपोर्टिंग दवाओं के संबंध में भी सुझाव देंगे।

**मोबाइल दल भी बनेंगे-**
सघन सर्वेक्षण के निर्देश कलेक्टर द्वारा जिले के सभी एसडीएम को भी अपने अपने क्षेत्रों के लिए दिए गए, कलेक्टर ने कहा कि मोबाइल दल भी बनेंगे जो होम आइसोलेटेड और संदिग्ध कोरोना मरीजों को चेक करेंगे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि संदिग्ध कोरोना मरीज के पूरे परिवार को दवाएं दी जाए ।

### माइक्रो कंटेनमेंट बनाए जाएं

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि कोरोना मरीजों के घरो के आसपास थोड़े बड़े आकार के माइक्रो कंटेनमेंट बनाए जाएं, ग्रामीण क्षेत्रों में खासतौर पर उन गांवों में जहां मरीज ज्यादा है पुलिस का फ्लैग मार्च करवाया जाए ताकि बीमारी के प्रति ग्रामीण अलर्ट हो जाए । कलेक्टर द्वारा जिले के अन्य एसडीएम से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से चर्चा करते हुए उनके क्षेत्रों में सर्वेक्षण दलों के तत्काल गठन एवं कोरोना मरीजों के सघन सर्वेक्षण के निर्देश दिए । कलेक्टर द्वारा किल कोरोना अभियान की जानकारी भी ली । कलेक्टर ने बैठक में टीकाकरण कार्य की जानकारी भी प्राप्त की । कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि ईमानदारी से अपने कर्तव्य का निर्वहन करें, अगर हमारे प्रयास से किसी व्यक्ति की जान बच जाती है तो हमारा जीवन सार्थक होगा। बैठक के पश्चात नवागत कलेक्टर ने मेडिकल कॉलेज का भी निरीक्षण किया और मरीजों के उपचार संबंधी जानकारी भी प्राप्त की।

### मेडिकल कॉलेज में प्रत्येक मरीज को भर्ती किया जाएं

कलेक्टर ने बैठक में मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ.गुप्ता से मेडिकल कॉलेज की जानकारी प्राप्त करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि मेडिकल कॉलेज में भर्ती होने के लिए आने वाले प्रत्येक मरीज को भर्ती किया जाए इसके लिए अतिरिक्त व्यवस्थाएं करनी पड़े तो की जाएं, मेडिकल कॉलेज में रैपिड रिस्पांस टीम बनाई जाए जो वहां भर्ती होने के इंतजार में बाहर बैठे मरीज को तत्काल प्राथमिक रूप से उपचार मुहैया करवाएगी ताकि उसके उपचार में कोई देरी नहीं हो।

10-5-2021

# रेपिड रिस्पांस टीम करेगी वेटिंग वाले मरीजों का इलाज

## कोरोना से जंग जारी : मेडिकल कालेज में नई व्यवस्था, एंबुलेंस में ही उपचार शुरू, कलेक्टर ने किया निरीक्षण

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शासकीय मेडिकल कालेज में आने वाले हर मरीज को अब तत्काल उपचार मिलेगा। नवागत कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने रविवार को कालेज व अस्पताल का निरीक्षण करने के दौरान यह निर्देश देते हुए कहा कि उपचार में कोताही न बरती जाए। रेपिड रिस्पांस टीम बनाई जाए, जो कोविड अस्पताल में भर्ती होने के इंतजार में बाहर बैठे मरीज को तत्काल प्राथमिक उपचार मुहैया करवाए। इसके बाद शाम से यह व्यवस्था शुरू भी हो गई।

कलेक्टर ने कालेज के डीन डा.जितेंद्र गुप्ता को यह भी निर्देश दिए कि स्क्रीनिंग के लिए आने वाले मरीजों के लिए वर्तमान स्थल की जगह परिसर में ही अन्य कोई वैकल्पिक स्थान निर्धारित करें, जिससे स्क्रीनिंग अंदर की तरफ हो सके। उन्होंने परिसर का भ्रमण कर साफ-सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

मालूम हो कि इससे पहले मेडिकल कालेज के अस्पताल में मरीजों को अंदर तक पहुंचने के लिए गेट पर दो से चार घंटे तक इंतजार कराया जा रहा था। इससे मरीजों व स्वजनों को परेशानी होती थी। अब इस नई व्यवस्था से कुछ राहत मिलेगी और गेट पर रोज हो रहे विवाद पर भी रोक लगेगी।



शासकीय मेडिकल कालेज में निर्देश देते हुए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम। • नईदुनिया

### शाम को शुरू हो गई प्री ट्राइएज सेवाएं

अब उन्हें अस्पताल के बाहर भी उपचार मिलेगा। आक्सीजन, दवाइयां आदि वहीं उपलब्ध हो जाएगी। यह व्यवस्था उस समय तक लिए है, जब तक अस्पताल के अंदर बेड का इंतजाम नहीं हो जाता है। अस्पताल के बाहर गेट पर ही 24 घंटे एक डाक्टर की ड्यूटी रहेगी, जो मरीजों को सामान्य बेड और प्रारंभिक उपचार चालू कराएंगे। यदि कोई मरीज एंबुलेंस पर है तो उसे वहीं उपचार दिया जाएगा। डीन डा.जितेंद्र गुप्ता ने बताया की हमने प्री ट्राइएज सेवाएं शुरू कर दी है। आगे भी सुविधाओं में सुधार करेंगे।

### निजी कोविड अस्पतालों पर नोडल अधिकारी रखेंगे नजर

कलेक्टर ने जिले में संचालित निजी कोविड हास्पिटल की मानीटरिंग एवं समन्वय के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की है।

इसके अनुसार जीडी हास्पिटल एवं गायत्री हास्पिटल के नोडल अधिकारी कार्यपालन यंत्री पीएचई प्रदीप कुमार गोगाडे, आशीर्वाद व आरोग्यं हास्पिटल के लिए जिला परियोजना अधिकारी वीके पाटीदार, डा. जीतमल अग्रवाल हास्पिटल व मिश्री देवी हास्पिटल के लिए जिला पंजीयक प्रेम प्रभात वाजपेयी, शाह नर्सिंग होम एवं जीवांश हास्पिटल के लिए परियोजना अधिकारी अरुण पाठक, वेदांत हास्पिटल व रतलाम हास्पिटल के लिए एसडीओ लोक निर्माण विभाग सीके राय, जनक हास्पिटल एवं सीएचएल के नोडल लिए संचालक पशु चिकित्सा वीके जैन नोडल अधिकारी रहेंगे।

आयुष ग्राम बंजली के नोडल अधिकारी संभागीय परियोजना यंत्री पीआइयू श्री वाघे रहेंगे। नोडल अधिकारी सौंपे गए कोविड हास्पिटल, मेडिकल कालेज डीन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मध्य समन्वय भी स्थापित करेंगे।



एंबुलेंस में मरीज का उपचार करते हुए स्वास्थ्यकर्मी। • नईदुनिया

नई दुनिया
10-5-21

# कोरोना इफेक्ट... जनगणना 2022 से पहले शुरू नहीं होगी, इस महीने हाउस लिस्टिंग होनी थी

## विधानसभा चुनाव पूरे होने के बाद पहले चरण की प्रक्रिया शुरु नहीं हो पाई

**मुकेश कौशिक** | नई दिल्ली. कोरोना की दूसरी लहर के कारण देशव्यापी जनगणना के तहत इस महीने से हाउस लिस्टिंग शुरु करने की योजना ठंडे बस्ते में चली गई है। विधानसभा चुनाव के दो मई को नतीजे आने के बाद पांच मई से पहले चरण पर काम शुरु करने का इरादा था। लेकिन सूत्रों ने बताया कि करीब 30 लाख जनगणना कार्यकर्ताओं की ट्रेनिंग से लेकर हाउस लिस्टिंग तक की आरंभिक कार्यवाही शुरु नहीं हो पाई है। इससे पहले जनगणना महापंजीयक विवेक जोशी ने 15 अप्रैल को डेटा कैप्चरिंग सेंटर का उद्घाटन किया था। लेकिन उसके बाद से आलम यह है कि जनगणना महापंजीयक कार्यालय लगभग बंद है। सूत्रों ने कहा कि अब इस साल के लिए कोई रोडमैप नहीं होने के कारण जनगणना 2022 से ही शुरु हो पाएगी। नेशनल पापुलेशन रजिस्टर को अपडेट करने का काम भी तभी होगा। दो चरणों में जनगणना का काम होना है। इसके लिए 8,754 करोड़ रुपए रखे गए हैं। इसमें 3,941 करोड़ पापुलेशन रजिस्टर को अपडेट करने के काम पर खर्च होंगे। अब पहले चरण में अप्रैल से सितंबर 2022 तक हाउस लिस्टिंग और हाउस गणना होगी।

### कोरोना का आबादी पर असर भी सामने आएगा

जनगणना में पता चलेगा कि 2020 से लेकर 2022 तक महामारी ने देश को किस हद तक प्रभावित किया। इससे कितनी मौतें सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज हुईं। जन्म-मृत्यु के आंकड़े वाले सिविल रजिस्ट्रेशन सिस्टम की रिपोर्ट 2018 तक ही अपडेट है।

10-5-21

# नागरिक कोई परेशानी होने पर अपने नजदीकी सहायता केंद्र पर संपर्क करें

रतलाम। कोविड-19 के परिदृश्य को दृष्टिगत रखते हुए "किल कोरोना-3" अभियान के तहत रतलाम नगर निगम सीमा क्षेत्र में 8 स्थानों पर कोविड सहायता केन्द्र का संचालन किया गया है जिसमें नगर निगम अधिकारी/कर्मचारी, मेडिकल ऑफिसर, आंगनवाड़ी सुपरवाईजर, स्टॉफ नर्स, एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की नियुक्ति की गई है। नागरिक किसी प्रकार की स्वास्थ्य परेशानी होने पर अपने नजदीकी सहायता केंद्र पर संपर्क कर सकते हैं। "किल कोरोना-3" अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 33, 34, 35, 36 व 31 हेतु टीआईटी रोड डिस्पेंसरी, वार्ड क्रमांक 30, 31 व 32 हेतु जावरा रोड प्राथमिक स्कूल डी मार्ट रोड, वार्ड क्रमांक 27, 28 व 29 हेतु दिलीप नगर डिस्पेंसरी, वार्ड क्रमांक 20, 21, 22, 23, 24, 25, 44 व 45 हेतु मोती नगर प्राथमिक स्कूल, वार्ड क्रमांक 26, 37, 38, 39, 40, 41, 42 व 43 हेतु हाकिमवाड़ा डिस्पेंसरी, वार्ड क्रमांक 15, 16, 17, 18, 19, 46, 47, 48 व 49 हेतु सुभाष नगर कम्युनिटी हॉल, वार्ड क्रमांक 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7 व 8 अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गणेश नगर व वार्ड क्रमांक 9, 10, 11, 12, 13 व 14 हेतु रेडक्रास भवन बिरियाखेड़ी मेन रोड पर कोविड सहायता केन्द्र का संचालन किया गया है। उक्त केन्द्रों पर नियुक्त नगर निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों हेतु निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने कार्यपालन यंत्री श्री जी.के. जायसवाल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। कोविड सहायता केन्द्र पर नियुक्त मेडिकल ऑफिसर, आंगनवाड़ी सुपरवाईजर, स्टॉफ नर्स, एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता हेतु श्री नईम मोहम्मद खान प्रभारी ए.पी.एम. मो.नं. 9685330094 व श्री लोकेश वैष्णव प्रभारी बी.ई.ई. मो. नं. 7999606919 को नोडल अधिकारी बनाया गया है। स्वदेश रतलाम

स्वदेश रतलाम

10-5-21

(5)

# बिना आवाजाही, खूबसूरती निखरी : कोरोना कर्फ्यू में कालिकामाता बगीचे में बढ़ा पंछियों का बसेरा




**रतलाम** | कोरोना कर्फ्यू के बीच शहर के ऐतिहासिक कालिकामाता मंदिर परिसर स्थित बगीचे की खूबसूरती बढ़ गई है। कर्फ्यू के कारण लोगों की आवाजाही नहीं है, लेकिन यहां पंछियों ने डेरा जमा लिया है। इससे गार्डन की खूबसूरती और बढ़ गई है। भास्कर

# फव्वारा चौक : लॉकडाउन के पिछले साल की याद आई

**रतलाम** | यह एरियल व्यू है फव्वारा चौक का, महू-नीमच और रतलाम-बांसवाड़ा स्टेट हाई-वे का जोड़ने वाला शहर का यह प्रमुख चौराहा रविवार को सूना रहा। कोरोना की दूसरी लहर में एक माह हो चुके लॉकडाउन ऐसा पहली बार देखने को मिला। रविवार को नए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के चार्ज लेते ही पुलिस कप्तान सहित उनकी पूरी फौज एक्शन में आ गई। बाजना बस स्टैंड, सैलाना रोड, सालाखेड़ी पर भी चेकिंग सख्ती से की गई।

फोटो - चिंटू मेहता



भास्कर

दै० भास्कर
10-5-21

(11)

## आयुष्मान कार्ड बनवाने जा सकेंगे आमजन

रतलाम। कोरोना कर्फ्यू के प्रतिबंधात्मक आदेश में कलेक्टर ने आंशिक संशोधन किया है। इसके अनुसार कोरोना अवधि के दौरान आयुष्मान केंद्र खोलने व नागरिकों को आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु नजदीकी केंद्र पर आने-जाने की अनुमति रहेगी। शेष आदेश यथावत रहेगा। नई दुनिया।

नई दुनिया 10-5-21

## कोविड योद्धा कल्याण योजना 31 तक लागू

रतलाम | राज्य शासन ने मुख्यमंत्री कोविड योद्धा कल्याण योजना 1 अप्रैल से 31 मई 2021 की अवधि के लिए लागू की है। समस्त कलेक्टरों को निर्देश जारी किए हैं। राजस्व विभाग द्वारा सितंबर 2020 में पत्र भेजा था। योजना संक्रमण की संख्या में हो रही वृद्धि देखते हुए लागू की है।

भास्कर

दै. भास्कर 10-5-21

# आज चार स्थानों पर होगा टीकाकरण, प्री बुकिंग जरूरी

रतलाम। जिले में सोमवार को आयोजित होने वाले सत्रों के लिए कुल चार स्थानों पर सत्रों का आयोजन किया जाएगा। सीएमएचओ डा. प्रभाकर ननावरे ने बताया कि सोमवार के कोविड टीकाकरण सत्रों के लिए 18 से 44 वर्ष आयु समूह के लोग प्री बुकिंग के आधार पर शहर के आइएमए हाल राजेंद्रनगर-गोशाला रोड व मोहन टाकीज घास बाजार के केंद्रों पर को-वैक्सीन का टीका लगवा सकेंगे। 18 से 44 वर्ष आयु समूह के लोगों के सत्रों के लिए प्रति केंद्र 140 व्यक्तियों का टीकाकरण किया जा सकेगा। इस प्रकार कुल 280 लोगों को 18 से 44 वर्ष आयु समूह अंतर्गत टीके लगाए जा सकेंगे। जिला टीकाकरण अधिकारी डा. वर्षा कुरील ने अनुरोध किया है कि कोविड के पाजिटिव मरीज अपना प्री-बुकिंग नहीं करवाएं। कोविड पाजिटीव आने के डेढ़ माह पश्चात ही टीका लगाया जा सकेगा।

सोमवार को 45 वर्ष से अधिक आयु समूह के लोगों के टीकाकरण केवल मांगलिक भवन खारवाकलां मंडावल रोड पर किया जाएगा। इस केंद्र पर अधिकतम क्षमता 200 लोगों की रहेगी। इसके अतिरिक्त पुराना कलेक्टोरेट पर फ्रंटलाइन वर्कर्स को को-वैक्सीन का दूसरा टीका लगाया जाएगा। इस केंद्र पर अधिकतम क्षमता 500 लोगों की रहेगी।

### नौवें दिन 360 नए पाजिटिव और पांच की मौत

रतलाम। मई माह के नौवें दिन रविवार को 360 नए पाजिटिव केस सामने आए। पांच की मौत हुई। 39 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। अब एक्टिव मरीजों की संख्या 3354 है। जिले में अब तक 14042 पाजिटिव केस सामने आ चुके है, वहीं 10454 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया जा चुका है। मौत का कुल आंकड़ा 234 पर पहुंच गया है।

शनिवार को मरीजों की संख्या 398 पहुंचने के बाद रतलाम जिला प्रदेश में संक्रमित मरीजों की संख्या के मान से सातवें से छठे स्थान पर पहुंच गया है। जिला महामारी नियंत्रक डा. गौरव बोरीवाल ने बताया कि संक्रमण की



दूसरी लहर बहुत घातक है। आमजन को बचाव के सभी तरीके अपनाना चाहिए। बेवजह घर से बाहर नहीं निकलें। शासन-प्रशासन की गाइड-लाइन का पालन करते हुए पात्रता अनुसार कोरोना का टीका जरूर लगवाएं।

### पर्याप्त वैक्सीन उपलब्ध कराने का अनुरोध

दाऊदी बोहरा समाज के जनसंपर्क अधिकारी सलीम आरिफ ने बताया कि कोरोना संकट के चलते हुए शासन द्वारा पर्याप्त व्यवस्था की जा रही है। कोरोना से बचाव के लिए पात्र लोगों को वैक्सीन लगाना जरूरी है। वैक्सीन नहीं लगने तक सभी शासन-प्रशासन द्वारा जारी गाइड-लाइन का पालन करें। आरिफ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान से जनहित में वैक्सीन की पर्याप्त व्यवस्था कराने का अनुरोध किया है।

### मेडिकल कालेज में 21 नए मरीज भर्ती


शासकीय मेडिकल कालेज में रविवार को 21 नए मरीज भर्ती हुए। डीन डा. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि मेडिकल कालेज हॉस्पिटल में कुल बिस्तरों की संख्या 550, आइसीयू बेड 56, एचडीयू में 172 बेड, ऑक्सीजन बेड 120 सभी फुल हैं। नान आक्सीजन बेड 202 में से 102 पर पेशेंट भर्ती हैं। कुल 450 पेशेंट हास्पिटल में भर्ती हैं। इनमें 303 पाजिटिव हैं तथा शेष सस्पेक्टेड या आक्सीजन लेवल वाले हैं। हास्पिटल में रिक्त बेड 100 हैं। रेमडेसिविर की स्थिति अनुसार आज तक टोटल रिसीव्ड 5032, डिस्ट्रीब्यूटेड 1101, कन्ज्यूम्ड 3795, करंट स्टाक 136 है।

### 104 मरीजों को मेडिसिन किट वितरित

ई-दक्ष केंद्र से रविवार को होम आइसोलेशन के मरीजों की सूची स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने प्राप्त कर जिला अस्पताल के स्टोर से 130 मेडिसिन किट प्राप्त कर निगम के अग्निशमन विभाग में उपलब्ध कराई। अग्निशमन विभाग से वार्ड वार गठित दलों को वितरण हेतु उपलब्ध कराई गई। वार्डवार गठित दलों द्वारा होम आइसोलेशन के मरीजों के घर-घर जाकर मेडिकल किट का वितरण किया गया। इसके तहत सूची अनुसार 104 मरीजों को मेडिकल किट का वितरण घर पर किया गया। आठ मरीज उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती होना पाए गए। नौ मरीजों के कांटेक्ट नंबर व पते गलत पाए गए। एक मरीज नगरीय सीमा क्षेत्र के बाहर से होना पाया गया। छह मरीजों को पूर्व से ही मेडिसिन किट प्राप्त होना पाया गया।

### फायर लारी से किया सैनिटाइज

नगर निगम द्वारा प्रतिदिन फायर लारी व ट्रैक्टर के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों की



सड़कों, गलियों, भवन आदि को एक प्रतिशत सोडियम हाईपोक्लोराइड मिलाकर एक लाख लीटर पानी से सैनिटाइज किया जा रहा है। रविवार को फायर लारी व ट्रैक्टर ट्राली से मेडिकल कालेज, भक्तन की बावड़ी, टाटा नगर, बैंक कालोनी, रिद्धि-सिद्धि अपार्टमेंट, मौलाना आजाद नगर सहित नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सैनिटाइजेशन किया गया।

इसके अलावा, 14 व्यक्तियों की टीम द्वारा हैंड मशीन के माध्यम से मेडिकल कालेज, माइक्रो कंटेनमेंट क्षेत्र, कलेक्टोरेट, ई-दक्ष कार्यालय, नगर निगम कार्यालय सहित शासकीय कार्यालयों आदि में सैनिटाइजेशन का कार्य किया गया।

नई दुनिया 10-5-21

(9)

# Grim record: 398 test C+ve in 1-day in Ratlam




**FP NEWS SERVICE**
Ratlam

10-5-21

Corona continues to wreak havoc in the Ratlam district as it logged a record 398 cases on Saturday.

From May 1 to May 8 a total of 2,875 people had tested positive for the corona across the district. The corona tally in the district has reached 16,159 since the outbreak of pandemic.

A total of 18% of the overall tally cases have been found in the district, first eight days of May month.

The experts here are concerned that a large number of villagers also figured in list of new cases which were repoerted in the official bulletin here on Saturday evening.

फ्री प्रेस 10-5-21

## नवागत कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने अधिकारियों की बैठक में दिए दिशानिर्देश

# जिले को कोरोना संक्रमण की स्थिति से बाहर निकालें


पीपुल्स संवाददाता ● रतलाम

मो.नं. 9425195101

10-5-2021

नवागत कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने रविवार को कार्यभार ग्रहण करने के बाद सभी जिला अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि वर्तमान कोरोनाकाल हम सबके लिए एक चुनौती की तरह है हमें इस चुनौती को स्वीकार करते हुए शत प्रतिशत रूप से दायित्वों का निर्वहन करना है जिले को संक्रमण की स्थिति से बाहर निकालना है और जीवन पटरी पर लाना है।

कलेक्टर ने रतलाम शहर में सघन सर्वेक्षण के लिए 150 दलों के गठन के निर्देश दिए, जिसमें महिला बाल विकास नगर निगम राजस्व तथा अन्य विभागों के कर्मचारी सम्मिलित रहेंगे। सर्वेक्षण दल मोहल्ले-कॉलोनियों में पहुंचकर सर्दी-खांसी, जुकाम के मरीजों की जानकारी हासिल करेंगे। साथ ही उनको हाथों-हाथ मेडिकल किट प्रदान करेंगे जिसमें आवश्यक दवाइयां रहेंगी, ताकि मरीज गंभीर स्थिति में नहीं पहुंचे प्रथम चरण का सर्वे रतलाम शहर में 12 दिन में पूरा कर लिया जाएगा। प्रत्येक दल 1 दिन में 20 से 30 घरों को कवर करेगा। सर्दी-खांसी तथा कोरोना के मरीजों को उनके घर पर ही दवाई का किट देगा उपयोग करने की हिदायत भी देगा। साथ ही कोरोना प्रोटोकॉल भी बताएंगे रतलाम शहर में 150 दल प्रतिदिन करीब 5000 घरों में पहुंचेंगे मेडिकल किट के अलावा अन्य सपोर्टिंग दवाओं के संबंध में भी सुझाव देंगे कलेक्टर ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जिले में कोरोना संक्रमण तथा उससे जुड़ी जानकारियां लेते हुए समीक्षा की जिले में कोरोना पेशेंट संख्या कंटेनमेंट स्थिति सर्वेक्षण ऑक्सीजन की स्थिति विभिन्न दवाइयों की उपलब्धता स्टाफ की उपलब्धता अस्पतालों में बेड उपलब्धताआदि बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की



कलेक्टर ने बैठक में मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. गुप्ता से मेडिकल कॉलेज की जानकारी प्राप्त करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि मेडिकल कॉलेज में भर्ती होने के लिए आने वाले प्रत्येक मरीज को भर्ती किया जाए। इसके लिए अतिरिक्त व्यवस्थाएं करनी पड़े तो की जाएं, मेडिकल कॉलेज में रैपिड रिस्पांस टीम बनाई जाए जो वहां भर्ती होने के इंतजार में बाहर बैठे मरीज को तत्काल प्राथमिक रूप से उपचार मुहैया करवाएगी ताकि उसके उपचार में कोई देरी नहीं हो।

पीपुल्स समाचार
10-5-2021

**हमारे प्रयास से व्यक्ति की जान बच जाती है तो जीवन सार्थक रहेगा**

# कार्यभार संभालते ही एक्शन में आए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com 10-5-2021



रतलाम. नवागत कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने रविवार दोपहर रतलाम पहुंचकर कार्यभार संभाला। आते वह एक्शन मोड में नज़र आए। उन्होंने कलेक्टर कार्यालय सभा कक्ष में सभी अधिकारियों की बैठक ली और कहा कि वर्तमान कोरोना काल हम सबके लिए एक चुनौती की तरह है, हमें इस चुनौती को स्वीकार करते हुए शत प्रतिशत रूप से दायित्वों का निर्वहन करना है। जिले को संक्रमण की स्थिति से बाहर निकालना है और जीवन पटरी पर लाना है।

कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि मैं साफ बोलता हूं। यदि मैंने कुछ कहा है तो वो मेरी जिम्मेदारी है, आप भी बेझिझक बोल सकते हैं कि कलेक्टर ने बोला है। इसमें कोई संकोच की बात नहीं है। आपको काम करना है, भलाई-बुराई मेरे जिम्मे रहेगी। रतलाम जैसे जिले में कम जनसंख्या के बावजूद रोज 400 प्रकरण आ रहे हैं तो इसका मतलब है कि लोग दायित्वों को पूरा करने में संकोच कर रहे हैं।

## हर आदमी का सुझाव और सहयोग जरूरी

कलेक्टर ने कहा कि रतलाम को कोरोना की वर्तमान परिस्थिति से हमें बाहर निकालना है। इसके लिए हर आदमी का सुझाव और सहयोग जरूरी है। मुझे यह काम हर हाल में करना है। चाहे तुम्हारे साथ, तुम्हारे बिना या तुम्हारे बावजूद लेकिन हमें रतलाम को इस स्थिति से बाहर लाना है। इन स्थितियों में आप सभी के सहयोग से यह काम करना है।

## तो जीवन सार्थक


कलेक्टर द्वारा जिले के अन्य एसडीएम से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से चर्चा करते हुए उनके क्षेत्रों में सर्वेक्षण दलों के तत्काल गठन एवं कोरोना मरीजों के सघन सर्वेक्षण के निर्देश दिए। टीकाकरण कार्य की जानकारी लेकर अधिकारियों से कहा कि ईमानदारी से अपने कर्तव्य का निर्वहन करें अगर हमारे प्रयास से किसी व्यक्ति की जान बच जाती है

## 150 दलों का गठन

कलेक्टर ने रतलाम शहर में सघन सर्वेक्षण के लिए 150 दलों के गठन के निर्देश दिए जिसमें महिला बाल विकास, नगर निगम, राजस्व तथा अन्य विभागों के कर्मचारी सम्मिलित रहेंगे। दल मोहल्ले, कॉलोनियों में पहुंचकर सर्दी, खांसी जुकाम के मरीजों की जानकारी हासिल करेंगे और उनको हाथों-हाथ मेडिकल किट प्रदान करेंगे जिसमें आवश्यक दवाइयां रहेंगी ताकि मरीज गंभीर स्थिति में नहीं पहुंचे।

## 12 दिन में होगा सर्वे

प्रथम चरण का सर्वे रतलाम शहर में 12 दिन में पूरा कर लिया जाएगा। प्रत्येक दल 1 दिन में 20 से 30 घरों को कवर करेगा। शहर में 150 दल प्रतिदिन करीब 5 हजार घरों में पहुंचेंगे। मेडिकल किट के अलावा अन्य सपोर्टिंग दवाओं के संबंध में भी सुझाव देंगे। कलेक्टर ने जिले के सभी एसडीएम को भी अपने अपने क्षेत्रों के लिए सघन सर्वेक्षण के निर्देश दिए हैं।



## सभी को मिले इलाज

कलेक्टर ने डीन डॉ जितेंद्र गुप्ता से मेडिकल कॉलेज की जानकारी लेते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि मेडिकल कॉलेज में भर्ती होने के लिए आने वाले प्रत्येक मरीज को भर्ती किया जाए, इसके लिए अतिरिक्त व्यवस्थाएं करनी पड़े तो की जाएं। मेडिकल कॉलेज में रैपिड रिस्पांस टीम बनाई जाए जो वहां भर्ती होने के इंतजार में बाहर बैठे मरीज को तत्काल प्राथमिक रूप से उपचार मुहैया करवाएगी ताकि उसके उपचार में कोई देरी नहीं हो।

## मिशन मोड में कार्य करें

कलेक्टर ने कहा कि सब मिलकर कोरोना के विरुद्ध मिशन मोड में कार्य करेंगे, सबके सहयोग से दिन-रात कार्य करके जिले को कोरोना से मुक्त किया जाएगा। कोरोना मरीजों के घरों के आसपास थोड़े बड़े आकार के माइक्रो कंटेनमेंट बनाए जाएं। ग्रामीण क्षेत्रों में खासतौर पर उन गांवों में जहां मरीज ज्यादा हैं। पुलिस का फ्लैग मार्च करवाया जाए ताकि बीमारी के प्रति ग्रामीण अलर्ट हो जाए।

## मेडिकल कॉलेज पहुंच कर किया निरीक्षण

नवागत कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने रविवार को शासकीय मेडिकल कॉलेज रतलाम का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने वहां की व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने निर्देश दिए कि मेडिकल कॉलेज में आने वाले प्रत्येक मरीज को त्वरित उपचार मिले। उपचार में किसी तरह की कोताही न बरती जाए। मरीज के परिजन भी संतुष्ट रहें तथा सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त हों।

कलेक्टर ने मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ जितेंद्र गुप्ता को यह भी निर्देश दिए कि मरीजों के लिए वर्तमान स्थल की जगह परिसर में ही अन्य कोई वैकल्पिक स्थान निर्धारित करें जिससे अंदर की तरफ हो सके। परिजनों के लिए की गई व्यवस्था पर उन्होंने संतोष जताया। डीन डॉ गुप्ता ने बताया कि चिकित्सक एवं नर्सिंग स्टाफ के माध्यम से परिजनों को पूर्ण उपचार प्रदान किया जा रहा है। कोविड के लिए निर्धारित 550 बेड में से अधिकांश मरीजों की अधिकता के कारण भरे हुए हैं, फिर भी प्रत्येक

12

# रतलाम में 360 नए मरीज मिले, पांच लोगों ने दम तोड़ा

## बिलपांक बना हॉटस्पाट, तीन दिन में 174 पॉजिटिव

भास्कर संवाददाता | रतलाम

10-5-21

हमारे जिले में कोरोना संक्रमण लगातार बढ़ रहा है। रविवार को 360 नए पॉजिटिव सामने आए हैं। हालांकि, पांच दिन बाद ऐसा हुआ है, जब आंकड़ा 370 से कम रहा है। इधर, बिलपांक जिले का हॉटस्पॉट बना हुआ है, यहां तीन दिन में ही 174 कोरोना पॉजिटिव सामने आ चुके हैं, किसी ग्रामीण क्षेत्र के लिहाज से ये बहुत ज्यादा है। रविवार को यहां 57 पॉजिटिव मिले हैं। जिले में संक्रमण की रफ्तार लगातार तेज बनी हुई है। बच्चों के साथ बुजुर्ग भी संक्रमण की चपेट में आ रहे हैं। इधर, अब जिले में कुल संक्रमितों की संख्या 14042 हो गई है। इधर रविवार को मिली रिपोर्ट में रतलाम शहर के सिर्फ 85 ही पॉजिटिव हैं।

### अब तक 234 लोग तोड़ चुके कोरोना से दम

जिले में अब तक 234 लोग कोरोना से दम तोड़ चुके हैं। रविवार को नामली की 51 साल की महिला, सिनोद के 57 साल के पुरुष, जावरा के 55 साल के पुरुष, नायन की 70 साल की महिला और शांता सिटी की 75 साल की महिला की मौत हो गई। मई महीने में 40 लोग कोरोना के कारण अपनी जान गवां चुके हैं।

# पॉजिटिव हो चुके हैं तो वैक्सीन के लिए बुकिंग ना करें... डेढ़ महीने बाद ही लगेगा टीका

भास्कर संवाददाता | रतलाम

10-5-21

यदि आप कोरोना पॉजिटिव हैं... या डेढ़ महीने के अंतराल में पॉजिटिव आ चुके हैं तो कोरोना से बचाव की वैक्सीन लगवाने के लिए पोर्टल पर प्री-बुकिंग ना करें। ऐसा इसलिए क्योंकि, कोरोना पॉजिटिव आने के डेढ़ महीने बाद ही टीका लगाया जाएगा। अभी

# कोरोना को हराने: आते ही कलेक्टर ने ली बैठक....किया निरीक्षण



रतलाम। पदभार संभालते ही कलेक्टर एक्शन में नजर आए हैं। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने रविवार अधिकारियों की बैठक ली और शासकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचकर व्यवस्था को भी जांचा। उन्होंने निर्देश

### ▶ प्रत्येक मरीज को मिले त्वरित उपचार

### ▶ मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण कर दिए निर्देश

दिए कि मेडिकल कॉलेज में आने वाले प्रत्येक मरीज को त्वरित उपचार मिले। उपचार में किसी तरह की कोताही न बरती जाए। मरीज के परिजन भी संतुष्ट रहें तथा सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त हो।

पुरुषोत्तम ने मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ जितेंद्र गुप्ता को यह भी निर्देश दिए कि स्क्रीनिंग के लिए आने वाले मरीजों के लिए वर्तमान स्थल की जगह परिसर में ही अन्य कोई वैकल्पिक स्थान निर्धारित करें जिससे स्क्रीनिंग अंदर की तरफ हो सके। उन्होंने परिसर का भ्रमण कर प्रत्येक विभाग का निरीक्षण किया।

परिजनों के लिए की गई व्यवस्था पर उन्होंने संतोष जताया। साफ-सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। मेडिकल कालेज के डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने इस दौरान बताया कि मेडिकल कॉलेज में उपलब्ध चिकित्सक एवं नर्सिंग स्टाफ के माध्यम से परिजनों को पूर्ण उपचार प्रदान किया जा रहा है।

कोविड के लिए निर्धारित 550 बेड में से अधिकांश मरीजों की अधिकता के कारण भरे हुए हैं, फिर भी प्रत्येक मरीज को यहां उपचार प्रदान करने के प्रति विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस दौरान एसडीएम रतलाम शहर अभिषेक गेहलोत, डिप्टी कलेक्टर शिराली जैन तथा मनीषा वास्कले भी मौजूद थी।

## बैठक में कलेक्टर बोले: शासकीय अधिकारी, कर्मचारी कोरोना का को चुनौती के रूप में लेते हुए संक्रमण से जिले को मुक्त करें

रतलाम। जिले के नवागत कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने रविवार को कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात सभी जिला अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि वर्तमान कोरोना काल हम सबके लिए एक चुनौती की तरह है हमें इस चुनौती को स्वीकार करते हुए शत प्रतिशत रूप से दायित्वों का निर्वहन करना है। जिले को संक्रमण की स्थिति से बाहर निकालना है और जीवन पटरी पर लाना है।



कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में सीईओ जिला पंचायत मीनाक्षीसिंह, अपर कलेक्टर जमुना भिड़े, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इंद्रजीत बाकलवार, एसडीएम अभिषेक गहलोत, डिप्टी कलेक्टर सिराली जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जिले में कोरोना संक्रमण तथा उससे जुड़ी जानकारियां लेते हुए समीक्षा की। जिले में कोरोना पेशेंट संख्या, कंटेनमेंट स्थिति, सर्वेक्षण, ऑक्सीजन की स्थिति, विभिन्न दवाइयों की उपलब्धता, स्टाफ की उपलब्धता, अस्पतालों में बेड उपलब्धता आदि बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने रतलाम शहर में सघन सर्वेक्षण के लिए 150 दलों के गठन के निर्देश दिए जिसमें महिला बाल विकास, नगर निगम, राजस्व तथा अन्य विभागों के कर्मचारी सम्मिलित रहेंगे। सर्वेक्षण दल मोहल्ले, कालोनियों में पहुंचकर सर्दी, खांसी, जुकाम के मरीजों की जानकारी हासिल करेंगे, साथ ही उनको हाथों-हाथ मेडिकल किट प्रदान करेंगे जिसमें आवश्यक दवाइयां रहेंगी ताकि मरीज गंभीर स्थिति में नहीं पहुंचे। प्रथम चरण का सर्वे रतलाम शहर में 12 दिन में पूरा कर लिया जाएगा। प्रत्येक दल 1 दिन में 20 से 30 घरों को कवर करेगा। सर्दी, खांसी तथा कोरोना के मरीजों को उनके घर पर ही दवाई का किट देगा, उपयोग करने की हिदायत भी देगा। साथ ही कोरोना प्रोटोकॉल भी बताएंगे। रतलाम शहर में 150 दल प्रतिदिन करीब 5000 घरों में पहुंचेंगे, मेडिकल किट के अलावा अन्य सपोर्टिंग दवाओं के संबंध में भी सुझाव देंगे। सघन सर्वेक्षण के निर्देश कलेक्टर द्वारा जिले के सभी एसडीएम को भी अपने अपने क्षेत्रों के लिए दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि मोबाइल दल भी बनेंगे जो होम आइसोलेटेड और संदिग्ध कोरोना मरीजों को चेक करेंगे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि संदिग्ध कोरोना मरीज के पूरे परिवार को दवाएं दी जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि कोरोना पेशेंट के घरों के आसपास थोड़े बड़े आकार के माइक्रो कंटेनमेंट बनाए जाएं। ग्रामीण क्षेत्रों में खासतौर पर उन गांवों में जहां पेशेंट ज्यादा है पुलिस का फ्लैग मार्च करवाया जाए ताकि बीमारी के प्रति ग्रामीण अलर्ट हो जाए। कलेक्टर द्वारा जिले के अन्य एसडीएम से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से चर्चा करते हुए उनके क्षेत्रों में सर्वेक्षण दलों के तत्काल गठन एवं कोरोना मरीजों के सघन सर्वेक्षण के निर्देश दिए कलेक्टर द्वारा कोल कोरोना अभियान की जानकारी भी ली गई।

कलेक्टर ने बैठक में मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. गुप्ता से मेडिकल कॉलेज की जानकारी प्राप्त करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि मेडिकल कॉलेज में भर्ती होने के लिए आने वाले प्रत्येक मरीज को भर्ती किया जाए, इसके लिए अतिरिक्त व्यवस्थाएं करनी पड़े तो की जाएं। मेडिकल कॉलेज में रैपिड रिस्पांस टीम बनाई जाए जो वहां भर्ती होने के इंतजार में बाहर बैठे मरीज को तत्काल प्राथमिक रूप से उपचार मुहैया करवाएगी ताकि उसके उपचार में कोई देरी नहीं हो।



## मेडिकल कॉलेज में ऑक्सीजन सिलेण्डर सप्लाय निरंतर जारी

रतलाम। शासकीय मेडिकल कॉलेज में उपचारत् कोविड-19 के मरीजों को किसी भी प्रकार से ऑक्सीजन की कमी ना हो इस हेतु कलेक्टर एवं प्रशासक श्री गोपालचन्द्र डाड के निर्देशानुसार मालवा व महावीर ऑक्सीजन से सिलेण्डर मेडिकल कॉलेज में पंहुचाने का कार्य प्रतिदिन निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया द्वारा नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है साथ ही इस कार्य में सतत् निगरानी भी रखी जा रही है। नगर निगम द्वारा ऑक्सीजन सिलेण्डर सप्लाय के अलावा मेडिकल कॉलेज के सुविधाघरों की सफाई के कार्य पर निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा सत्त निगरानी रखी जा रही है इसके अलावा प्रतिदिन मेडिकल कॉलेज में सेनेटाईजेशन के कार्य हेतु कर्मचारी नियुक्त किया गया है जो मेडिकल कॉलेज के अंदर व बाहर सेनेटाईजेशन का कार्य संपादित कर रहे है। स्वतंत्र मालवा

स्वतंत्र मालवा

10.5.21

# 104 होम आइसोलेट मरीज तक पहुंचाई मेडिसिन किट

रतलाम | होम आइसोलेशन में रहकर इलाज करवाने वाले मरीजों तक नगर निगम की टीम लगातार मेडिसिन किट पहुंचा जा रही है। ऐसे 104 मरीजों को रविवार को घर जाकर किट दी गई। ई-दक्ष केंद्र से 130 मरीजों की सूची मिली थी। इनमें से 104 मरीज घर पर मिले। 8 अस्पताल में भर्ती थे, 9 के नाम और पते गलत निकले। 1 मरीज नगरीय सीमा क्षेत्र से बाहर का था। वहीं 6 मरीजों को पहले ही किट मिल चुकी थी।

10-5-21

# 81 मरीजो को किया मेडिसिन किट का